हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–68 : जौनपुर, गुरुवार 28 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## टैबलेट–स्मार्टफोन वितरण समारोह : मुख्यमंत्री योगी ने कहा : हर युवा को स्मार्ट युवा बनाएंगे

लखनऊ ब्यूरो : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हम प्रदेश के हर युवा को स्मार्ट युवा बनाएंगे। कोविड के कारण चाइना में लगे लॉकडाउन और रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण चिप मिलने में दिक्कत है, लेकिन फेज वाइज सभी युवकों को टैबलेट–स्मार्टफोन दिया जाएगा। एक करोड़ युवाओं को टैबलेट–स्मार्टफोन दिया जाएगा। अभी तक लखनऊ में ही एक लाख 6151 युवाओं को इसका वितरण किया जा चुका है। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्विद्यालय में विद्यार्थियों को टैबलेट–स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के बाद सीएम योगी युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर किसी में कोई न कोई प्रतिभा होती है। जरूरत दृढ़ इच्छा शक्ति की होती है। आप युवाओं में भी कोई न कोई खूबी है। उसका सही प्रयोग करें। उन्होंने सूरदास का उल्लेख करते हुए कहा कि आप भी कुछ अलग ही है। उन्होंने पुनर्वास विश्विद्यालय से कहा कि प्रदेश के आईटी और औद्योगिक विभाग से



मिलकर इन को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराएं। इसी के माध्यम से आप प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकेंगे। अगर कोविड का प्रकोप रहा तो ऑनलाइन परीक्षा भी दे सकेंगे। प्रदेश सरकार आपके विकास से हर कदम में सहयोगी रहेगी। कार्यक्रम में मंत्री दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग नरेंद्र कश्यप। कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## दूषित पानी आपूर्ति होने से मोहल्ले के लोगो ने जताई नाराजगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर में स्थित साहबगंज सिनेमा गली में नगर पालिका द्वारा दूषित पानी की आपूर्ति करने से मोहल्लेवासियों ने नाराजगी जताई है। डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने गुरूवार को शिकायती पत्रक देकर पालिका प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया है। आरोप है कि पालिका प्रशासन द्वारा घोर लापरवाही से मोहल्ले में दूषित पानी आपूर्ति किया जा रहा है। जिसको पीने से लोगो की तबीयत खराब हो रही है। फिर भी पालिका प्रशासन बेखबर है। जहां एक तरफ सरकार गर्मियों के मौसम में डायरिया आदि तमाम रोगों से बचाव के लिए प्रयास कर रही है वहीं पालिका की लापरवाही से दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। पानी सप्लाई की कोई निश्चित समय न होने के कारण लोगों के पानी की टंकी खाली पड़ी है। नौबत तो यहां तक आ गया है कि दैनिक क्रिया करने के लिए पानी नही है। जबकि इस समय रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। फिर भी यहां पर पानी की आपूर्ति सही ढंग से नहीं की जा रही है। जो भी थोड़ा बहुत पानी आपूर्ति की जा रही है वह भी पूरी तरह से दूषित पानी है। अधिशाषी अधिकारी मीनाक्षी चतुर्वेदी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। पत्रक देने वाले लोगो में मुख्य रूप से मुकुंद जी गुप्त, योगेश कुमार गुप्त,अवधेश कुमार,देवी शरण,शिवम,रामबाबू,सुरेश चन्द्र गोपाल जी आदि ने पालिका प्रशासन से स्वच्छ व नियमित पानी आपूर्ति करने की मांग की है।

## उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की सरकार से अपील कहा समूह 'ग' और 'घ' के कर्मचारियों को करें स्थानांतरण नीति से बाहर

लखनऊ : (ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय ) उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह ने दैनिक देश की उपासना समाचार पत्र को बताया कि संज्ञान में आ रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समूह 'ग' के कार्मिकों को जिले से बाहर करने की योजना बनाई जा रही है, जिसके कारण प्रदेश के कर्मचारियों में सरकार के प्रति असंतोष के साथ–साथ भय व आक्रोश व्याप्त है। इस प्रकार से अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को एक तरफ जहां इतनी महंगाई में अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई और खर्चों के साथ–साथ जीवन जीना मुश्किल हो गया है, वहीं ऐसे में यदि सरकार उनका स्थानांतरण जनपद से बाहर करने की स्थानांतरण नीति बनाती है तो उससे अल्पवेतनभोगी कर्मचारियों को व उनके परिवार जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने माननीय मुख्यमंत्री जी को दिनांक 26 अप्रैल 2022 को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया है कि स्थानांतरण नीति 2022 –23 में समूह 'ग' लिपिक संवर्ग को जनपद से बाहर स्थानांतरण न किया जाये और यदि आवश्यक हो तो 3 वर्षों के पश्चात सभी समूह ग के कार्मिकों का पटल परिवर्तन कर दिया जाये, ताकि सरकार की मंशा अनुसार कर्मचारी कार्य करें और उनका परिवार इस महंगाई में अपना जीवन आसानी से जी सके।

**मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी 5 मई 2022 को चौधरी चरण सिंह सभागार लखनऊ में आयोजित की गई है जिसमें कर्मचारी की समस्याओं को लेकर विचार –विमर्श किया जाएगा और आगामी रणनीति तय की जाएगी संगठन के पदाधिकारियों को शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है।**

## थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद टॉप 10 अपराधी को किया गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व जघन्य अपराधों के वांछित / टॉप–10 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन एवं थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद शातिर अपराधी को मय एक पौनिया एवँ तमन्चे सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है । वतादे वृहस्पतिवार की आधी रात में मुखबिर की सूचना पर परियल घाट गर्रा नदी किनारे पर थाना क्षेत्र के गाँव इटौरा निवासी सत्यशील सिंह को हत्या के प्रयास में वांछित होने के कारण घेर लिया। अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देखकर सत्यशील सिंह की पुलिस से मुठभेड़ के दौरान कई राउंड फायरिंग हुई। वहीँ पुलिस ने अपनी घेराबन्दी को मजबूत करते हुए टॉप–10 बदमाश सत्यशील सिंह पुत्र



अशोक सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से फायरिंग करने में प्रयोग की गई एक पौनिया 12 बोर मय कारतूस एवँ एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस बरामद किया गया । गिरफ्तार आरोपी बहुत ही कुख्यात बदमाश है। जिसके विरूद्ध हत्या व हत्या का प्रयास अवैध असलहा , एन डी पी एस आदि के डेढ दर्जन से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं । सत्यशील सिंह के विरुद्ध थाना पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करने के बाद अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय भेजा है।

## पुलिस लाईन सभागार में शांति समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय की अध्यक्षता एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार की उपस्थिति में पुलिस लाईन सभागार में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में चर्चा हुई कि इस वर्ष ईद–उल–फितर का त्योहार 03 मई 2022 को मनाया जा रहा है, 29 अप्रैल 2022 को जमात–उल–विदा (अलविदा)/रमजान का अन्तिम शुक्रवार की नमाज अदा की जायेगी। उक्त त्योहार शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के उद्देश्य से चर्चा की गई। त्योहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं तथा शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। शांति समिति के सदस्यों द्वारा जनपद में साफ–सफाई, पानी एवं बिजली की व्यवस्था की चर्चा की जिसपर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व ने आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारीगण को कहा कि त्योहार के समय जनपद में साफ–सफाई, पानी एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। समिति के सदस्य ने प्रशासन को अवगत कराया कि जनपद में सूअर एवं अन्य छुट्टा जानवर शहर में घूम रहे है के संबंध में अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे छुट्टा जानवर न घूमने पाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों पर जर्जर एवं लटकते तार हो तो उन्हें सही कराकर अवगत कराया जाए और कोविड के संबंध में चर्चा करते हुए अवगत कराया है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए त्योहार मनाया जाय। अपर जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि प्रशासन की बात लोगो तक पहुचाये। कोई भी अराजकत्तत्व त्योहार में विघ्न न डालने पाए। अपर जिलाधिकारी द्वारा आगामी त्योहार की सभी को शुभकामना देते हुए यह अपील की गयी कि त्योहार को शान्तिपूर्वर्क और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाय। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी शासन की गाइडलाइन है उसका पालन करते हुए त्योहार मनाया जाय। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, समिति के सदस्य और व्यापार मण्डल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अधिकारियों की लापरवाही बनी है विश्वविद्यालय के तमाम कार्यो की वजह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय अधिकारियों की लापरवाही से हर काम हो में लोगों को लेट लतीफ का सामना करना पड़ता है। जिसका खामियाजा छात्र भुगत ते हैं। बता दे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय मैं अधिकारियों की लापरवाही की वजह से विश्वविद्यालय के लगभग काम लेट लतीफ हो जाते हैं जिसका खामियाजा छात्र भुगत ते हैं। बता दें कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय इस समय पानी की किल्लत से जूझ रहा है। जगह–जगह लेते वाटर फिल्टर सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। वाटर फिल्टर के पास पूरी तरीके से घास सूख चुकी है। विश्वविद्यालय के हेड और डीन इसकी सुध नहीं लेते हैं जिसका खामियाजा छात्र भुगत रहे हैं और लगातार दो दिन से कुलपति कार्यालय के सामने लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के अलग–अलग फैसिलिटी में लगे वाटर फिल्टर इस भीषण गर्मी में जवाब दे रहे हैं जिससे छात्रों ने अपनी समस्या को उस दिन पहले कुलपति को अवगत कर आई थी लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली। बाद होकर छात्रों ने दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति निर्मला एस मौर्य ने छात्रों को धमकी देते हुए औकात में रह कर बात करें कह कर धरने को समाप्त करने के लिए कहा जिससे छात्र और आक्रोशित हो गए और उन लोगों ने पूरी रात कुलपति कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। लगातार 36 घंटे चले इस इस प्रदर्शन और पूर्वांचल विद्यालय की बदनामी के डर से कुलपति ने दोबारा छात्रों को यह आश्वासन दिया की कि आगे भविष्य में उन्हें पानी की समस्या नहीं होगी विश्वविद्यालय परिसर में लगे हर जगह वाटर प्लांट वाटर कूलर को आज ही सही करा दिया जाएगा। तथा छात्रों की एक समिति बनाई जाएगी जिसमें हर फैकल्टी से दो–दो छात्र होंगे। उस समिति का नेतृत्व छात्र नेता उद्देश्य प्रिंस त्रिपाठी और प्रज्ञा गुप्ता करेंगे। यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या होती है तो वह सबसे पहले विश्वविद्यालय के हेड और डीन से बात कर अपनी समस्या को अवगत कराएंगे अगर बात वहां नहीं बनती तो अपनी समस्या को कुलपति के पास आकर कह सकते हैं जिसका निस्तारण तुरंत किया जाएगा। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय की तरफ से पानी का शुल्क लिया जाता है लेकिन पानी जैसी सुविधा भी विश्वविद्यालय में नदारद है। कुलपति ने बताया कि जो भी छात्रों की समस्या है उसका समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने छात्रों को सलाह दी है कि वह हर एक प्रकृति से दो दो छात्रों को लेकर अलग–अलग विभाग के लिए एक टीम बना लें जिससे उनको किसी प्रकार की समस्या होती है तो सबसे पहले वह विश्वविद्यालय के हेडो और डीन को अपनी समस्या से अवगत कराए और अगर वहां उनके समस्या का समाधान नहीं हो पाता तो वह अपनी समस्या मेरे पास लेकर आए हैं उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा। पानी की समस्या को लेकर उन्होंने कहा की कहीं एक या दो जगह अगर अचानक समस्या आ जाती है तो उसको समय से ठीक करा दिया जाता है लेकिन कुछ छात्र आए दिन विश्वविद्यालय परिसर में कुछ ना कुछ करना चाहते हैं इस वजह से हंगामा होता है।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के निजी सचिव रहे पंडित शिव कुमार पारीक को दी गई श्रद्धांजलि

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के निजी सचिव रहे श्री शिव कुमार पारीक जी का विगत दिनों निधन हो गया था, उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए स्मृति सभा का आयोजन उनके पुत्र दिनेश पारीक और पुत्रवधू अलका पारीक ने श्री अटल बिहारी बाजपेई कन्वेंशन सेंटर में किया ।अनेक गणमान्य सभा में उपस्थित रहे ।पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ,उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक , विधायक / पूर्व नगर विकास मन्त्री आशुतोष गोपाल जी टंडन ,महापौर संयुक्ता भाटिया,प्रदेश भाजपा मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित जी ,नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ,सहाराश्री सुब्रत राय , एम एल सी जय प्रकाश चतुर्वेदी,सह प्रभारी लक्ष्मण जी , ,पूर्व विधायक सुरेश तिवारी और अनेक गणमान्य मौजूद रहे सर्वप्रथम भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत गीता के श्लोक वासांसि जीर्णानि यथा विहाय से की गई। यह जीवन रैन बसेरा है, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे भजन की प्रस्तुति की गई। ए पिंजड़ा जब खुल जाता है पंछी कब रुक पाता है। श्रद्धांजलि सभा में महेश पारीक, मंजु पारीक ,दिनेश पारीक, अलका पारीक ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की रागिनी अवस्थी, कनुप्रिया, कुलदीप अवस्थी, संजय अवस्थी, विश्वास सारस्वत, डी एम त्रिपाठी आदि



उपस्थिति रहे |ब्राह्मण महासभा की तरफ से तमाम लोग उपस्थित रहे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चार लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा : गांव में बृहस्पतिवार को भी तैनात है पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित चौपाल के दौरान ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों की पिटाई के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान सावित्री देवी की तहरीर पर गांव के रहने वाले विजय सिंह कैलाश सिंह रविन्द्र चौबे और सीताराम सिंह के उपर मारपीट जान से मारने की धमकी समेत सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया थानाध्यक्ष अवधनाथ यादव की माने तो जल्द ही गिरफ्तारी की कार्यवाही होगी गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स दूसरे दिन भी तैनात की गई है।

## मुफ्तीगंज क्षेत्र के सभी मंदिरों एवम मस्जिदों से उतारे गए लाऊड स्पीकर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुफ्तीगंज चौकी प्रभारी सुनील यादव ने शासनादेश के तहत क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मंदिरों एवम मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारने का कार्य पूरा किया है । जिसमे राम जानकी मंदिर,शिव मंदिर,हनुमान मंदिर ,जामा मस्जिद एवम नूरी मस्जिद आदि के लाउडस्पीकर उतरवा लिया गया है । जिसमे उप निरीक्षक शेष नाथ सिंह ,जयप्रकाश यादव ,भूपेश कुमार ,अजय कुमार आदि लोग शामिल रहे।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## जौनपुर के युवा पत्रकार जय प्रकाश तिवारी मुंबई में हुये सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दीन दयाल फाउंडेशन संस्था के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह हुआ संपन्न. दीनदयाल फाउंडेशन संस्था के राष्ट्रीय प्रचारक युवा पत्रकार जयप्रकाश तिवारी के प्रधान कार्यालय पहुंचने पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पांडे एवं उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी के साथ–साथ गुजरात की महिला अध्यक्ष रंजीता तिवारी मुंबई महिला उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया इसी कड़ी में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पांडे ने सन्मान चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर राष्ट्रीय प्रचारक जयप्रकाश तिवारी को पहली बार



प्रधान कार्यालय पहुंचने पर सम्मानित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया. कार्यालय पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयप्रकाश तिवारी ने कहा कि संस्था बहुत ही सुंदर एवं सराहनीय कार्य कर रही है जिसके लिए सभी पदाधिकारी तथा सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हैं लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी जहां भी जैसे भी कोई भी सूचना प्राप्त होती है कि कोई गरीब असहाय बिना भोजन के क्या बिना वस्त्र के अन्य समस्याओं से जूझ रहा है उसके लिए संस्था का कोई भी कार्यकर्ता पहुंच कर अपनी सेवाएं देने का पूरा प्रयास करता है और किया भी 2 साल के कार्यकाल में दीनदयाल फाउंडेशन संस्था द्वारा किए गए तमाम कार्यों की प्रशंसा महामहिम राज्यपाल महाराष्ट्र गुजरात झारखंड उत्तर प्रदेश सहित तमाम राज्यों से बधाई संदेश प्राप्त हुए बधाई संदेश संस्था के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की देन है जिन्होंने अपनी पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ समाज सेवा में लिप्त होकर कोरोना से महामारी में अपना भरपूर समर्थन और सहयोग दिया आज उसी की देन है संस्था कहां से शुरू हुई और इस समय कहां पर है साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को उर्जा भरते हुए कहा कि संस्था के लिए कहीं भी कोई भी आवश्यकता पड़ेगी तो हम सदैव खड़े रहेंगे. इसी क्रम में दीनदयाल फाउंडेशन के कार्यालय पर उपस्थित मानस परिवार सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड मुंबई के प्रदेश अध्यक्ष सूर्य कुमार तिवारी ने युवा पत्रकार जय प्रकाश तिवारी को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया. इसी सम्मान की कड़ी में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पांडे ने अजय शुक्ला अभिनेता बॉलीवुड एवं मानस परिवार सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड मुंबई प्रदेश अध्यक्ष सूर्य कुमार तिवारी गुजरात महिला अध्यक्ष संगीता तिवारी महाराष्ट्र महिला उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा, अंकित मौर्य पत्रकार सहित कार्यालय पर उपस्थित तमाम समाजसेवियों को भी अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर संजय पांडे, विनय तिवारी, प्रिंस पांडे, कृतांग मिश्रा, रमेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 30 अप्रैल को चिन्हांकन शिविर का होगा आयोजन : दिव्या शुक्ला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 30 अप्रैल 2022 को विकास खण्ड मड़ियाहूॅ में दिव्यांगजनों के आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार अनुमन्य सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, हियरिंग एड आदि उपलब्ध कराने तथा शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत काक्लियर इम्पलांट के लाभार्थियों एवं जिनके हाथ–पैर नहीं उनके कृत्रिम हाथ पैर लगवाने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया है। अतः विकास खण्ड मड़ियाहॅू के दिव्यांगजन 30 अप्रैल 2022 को चिन्हांकन शिविर में पहॅूचकर अपना रजिस्ट्रेशन कराये जिससे कि उनके आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण दिये जाने हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिए, यह साबुन का काम करती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## राष्ट्रपति चुनाव : क्या इस बार पूरब से निकलेगा 'सूरज', या नारी शक्ति बढ़ाएगी शीर्ष पद की शोभा

भारत में लगभग 735 सांसद और 4,128 विधायक हैं, जिनके मतों की गणना राष्ट्रपति चुनाव में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर होती है। नरेंद्र मोदी इसका सामना कैसे करेंगे? हाल ही में हैदराबाद में आरएसएस नेताओं और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच हुई बैठक में इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई। इसके बाद आरएसएस के दो दूतों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

आगामी जुलाई महीने में तीसरी बार देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुआई वाले एनडीए की ओर से प्रस्तुत उम्मीदवार के राष्ट्रपति बनने की संभावना है। पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई वाली एनडीए–एक की सरकार के दौरान वर्ष 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति चुने गए थे। उनके बाद 2017 में रामनाथ कोविंद भाजपा प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति चुने गए। हालांकि वास्तविकता यह है कि कोविंद भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़े रहे पहले राष्ट्रपति हैं।

अब प्रधानमंत्री मोदी के पास शीर्ष पद पर चयन का दूसरा मौका होगा। भाजपा किसको राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाएगी, यह सचमुच उत्सुकता और आश्चर्य का विषय है। क्या इस बार देश में किसी महिला को राष्ट्रपति चुना जाएगा? बहुत संभव है कि इस बार दक्षिण भारत की बारी हो। प्रणब मुखर्जी और रामनाथ कोविंद के बाद जाहिर तौर पर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में किसी दक्षिण भारतीय नेता का नाम उछाला जा सकता है। या प्रधानमंत्री मोदी इस बार पूर्वोत्तर से किसी जनजातीय नेता को अपना उम्मीदवार बनाएंगे?

उस स्थिति में निश्चित रूप से उपराष्ट्रपति कोई उत्तर भारतीय नेता होंगे। मोदी के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पदों के लिए प्रत्याशियों का चयन वास्तव में तनी हुई रस्सी पर चलने के समान है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को खत्म हो रहा है और उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश में भारी जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के एक कट्टर प्रशिक्षित कार्यकर्ता को राष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार के रूप में आगे बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहेंगे।

यह निश्चित रूप से आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को उत्साहित करेगा, खासकर तब, जब आरएसएस 2025 में अपना 100वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। विपक्ष की अनिश्चितता और अव्यवस्था निश्चित रूप से इसमें नरेंद्र मोदी की मदद करेगी। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा कांग्रेस में शामिल होने से इनकार करने के बाद विपक्ष पूरी तरह से अव्यवस्थित है। इसने राष्ट्रपति चुनाव के लिए संभावित विपक्षी उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया को पटरी से उतार दिया।

क्षेत्रीय पार्टियां धीरे–धीरे कांग्रेस से दूरी बना रही हैं। राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया के साथ इसमें गति आ सकती है। खैर कुछ भी हो, रामनाथ कोविंद के उत्तराधिकारी के रूप में अपने किसी उम्मीदवार का चयन भाजपा के लिए कितना आसान और कठिन होगा, यह सवाल फिलहाल राजनीतिक पर्यवेक्षकों के जेहन में है। प्रधानमंत्री मोदी आपदा को अवसर में बदलने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। क्या वह इस बार भी किसी कुशल उम्मीदवार का चयन कर राष्ट्रपति बनवाने में सफल होंगे?

उन्हें इस बारे में आरएसएस से राजनीतिक दिशा–निर्देश लेना पड़ सकता है। एक तरह से अगले कुछ हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी के लिए आसान नहीं रहने वाले हैं। सच कहें, तो मोदी ने चुपचाप कुछ विपक्षी दलों का रुख भांपने की कवायद शुरू कर दी है। आगामी जुलाई में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की पृष्ठभूमि में हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी से प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात महत्वपूर्ण है।

चार राज्यों में भाजपा की जीत और कांग्रेस को उखाड़ फेंकने से 2024 के लोकसभा में आसानी से जीत हासिल करने में उन्हें मदद मिल सकती है। यह प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल का मध्यावधि मूल्यांकन का भी समय है। मोदी के लिए अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने में मुश्किलें आ सकती हैं। वर्ष 2017 में भाजपा के साथ अपार बहुमत था। उस समय शिवसेना व अकाली दल एनडीए का हिस्सा थे। अब उद्धव ठाकर और प्रकाश सिंह बादल के साथ भाजपा के रिश्ते कटु हैं और अन्नाद्रमुक के ओ. पनीरसेलवम एवं पलानीस्वामी कमजोर स्थिति में हैं।

वर्ष 2017 में तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक की सरकार थी, जिसने रामनाथ कोविंद के लिए मतदान किया था। लेकिन फिलहाल तमिलनाडु में द्रमुक की सरकार है, जिसके साथ भाजपा के रिश्ते अच्छे नहीं हैं। वर्ष 2017 में जम्मू और कश्मीर विधानसभा भी अस्तित्व में थी। अब केंद्र शासित प्रदेश बन गए जम्मू और कश्मीर में विधानसभा के चुनाव राष्ट्रपति चुनाव के बाद होने की संभावना है। इसलिए मोदी को कुल वोटों का 55 प्रतिशत प्राप्त करने में भारी संकट का सामना करना पड़ेगा।

भारत में लगभग 735 सांसद और 4,128 विधायक हैं, जिनके मतों की गणना राष्ट्रपति चुनाव में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर होती है। नरेंद्र मोदी इसका सामना कैसे करेंगे? हाल ही में हैदराबाद में आरएसएस नेताओं और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच हुई बैठक में इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई। इसके बाद आरएसएस के दो दूतों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

ऐसी अटकलें हैं कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पास भारत के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए कुछ ही विकल्प हैं। कहा जाता है कि मोदी की भावी योजना एक महिला राष्ट्रपति की है और वह भी दक्षिण भारतीय राज्यों से। खासकर तमिलनाडु से। उनकी संभावितों की सूची में दो राज्यपाल शामिल हैं, जिस पर आरएसएस ने भी सहमति व्यक्त की है। वे नरेंद्र मोदी के काफी करीब हैं। दो मुख्यमंत्रियों के साथ प्रारंभिक चर्चा के लिए हाल ही में दो राज्यों की राजधानियों में विशेष दूत भी भेजे गए हैं।

भाजपा चाहे किसी को भी राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार चुने, लेकिन एक बात तो स्पष्ट है कि न तो रामनाथ कोविंद को फिर से राष्ट्रपति बनाया जाएगा और न ही वेंकैया नायडू को प्रोन्नत किया जाएगा। इसलिए उच्च स्तर पर उम्मीदवारों की सूची अभी बन रही है। लेकिन व्यावहारिक रूप से जुलाई, 2022 के पहले सप्ताह में कोई फैसला लिया जा सकता है। और उस फैसले के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को चौंका सकते हैं। आप जिस भी नेता से पूछिए, वह कहते हैं कि मोदी है, तो मुमकिन है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गोड्ढोईया नाले सहित 257 छोटे बड़े मझौले नालों की सफाई युद्ध स्तर पर कराएं नगर निगम– डीएम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी सभागार में जिला अधिकारी विजय किरण आनंद की अध्यक्षता में बरसात से पहले गोड्ढोईया नाले सहित जनपद के छोटे बड़े 257 नालों की सफाई युद्ध स्तर पर हो जानी चाहिए जिससे बरसात के महीने मैं बारिश का पानी मोहल्लों में ना लगने पाए नगर निगम में उपलब्ध है अपने 300 पंपिंग सेट के साथ अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ले जिससे आवश्यकता पड़ने पर पंपिंग सेट से पानी की निकासी की जा सके अगर समय रहते नगर निगम द्वारा सभी छोटे बड़े मझोले नालो की बारिश से पहले महानगर के सभी बड़े 13 मझौले 117 छोटे 127 सहित 257 नालों की सफाई विशेष अभियान चलाया कर कर लिया जाए तो पंपिंग सेट लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जनपद के समस्त आला अधिकारियों को जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देशित किया कि अधिकारीगण प्रतिदिन जीने जीने नालो की सफाई कराने की जिम्मेदारी दी गई है उन नालों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे जिससे बरसात प्रारंभ होने से पहले नालों की सफाई हो सके और शहर वासियों को जलजमाव की समस्या से निजात दिला सके यह तभी संभव है जब अधिकारीगण अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए दिए गए लक्ष्यों को पूर्ण करेंगे बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि महानगर के कूड़ाघाट, हरसेवकपुर, नन्दानगर, मैत्रीपुरम, जेल बाईपास रोड, शाहपुर, इलाहीबाग, हसनगंज, तिवारीपुर बशारतपुर, जाफरा बाजार, लोहिया नगर एवं अन्य वार्डो में स्थित नालों की रोस्टर के अनुसार तल्लीझार सफाई कराई गई। नालों को छोटी–बड़ी 11 पोकलेन मशीनों से साफ कराया जा रहा है। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी से कहा कि सभी जोनल अधिकारियों वे अपने–अपने जोन में पड़ने वाले नालों को चिन्हित कर विशेष गैंग लगाकर सफाई कराएं। सिल्ट का भी तत्काल निस्तारण कराएं जिससे गंदगी न हो। डॉक्टर मुकेश रस्तोगी नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस बरसात में गोरखपुर शहर को जलजमाव से मुक्त बनाने के लिए युद्ध स्तर पर नाले एवं नालियों की सफाई कराई जा रही है। नगर निगम द्वारा शहर के छोटे, बड़े एंव मझोले 257 नाले व नालियों की सूची बनाई गई है।। इस कार्य के लिए पोकलेन मशीनों



के साथ ही 200 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।शहर के सभी पांच जोन में नालों की सफाई का काम किया जा रहा है। जोन एक में 20 मझोले नालों में से मोहद्दीपुर से बिग बाजार तक नाले की सफाई पूरी हो चुकी है। 30 छोटे नालों में से 23 की सफाई हो गई है। जोन दो में रामगढ़ताल से पैडलेगंज गौतमबुद्ध द्वार तक फिराक गोरखपुरी चौक अलहदादपुर छोटे काजीपुर होते हुए सीआइडी पुलिया मदीना मस्जिद रेती पुलिया कौवादाह किराना मंडी से साहबगंज तक बड़े नाले की सफाई भी करीब पूरी हो गई है। जोन तीन में 14 मझोले नाले में दो की सफाई हो गई है। 34 छोटे नालों में से 17 की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। जोन चार में स्थित छोटे–बड़े नालों में से करीब 50 प्रतिशत की सफाई हो चुकी है। जोन पांच में गोड़धोइया नाला की सफाई चल रही है। जहां तक पोकलेन मशीन से सफाई संभव है वहां पोकलेन मशीन से नाले की सफाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों से किसी भी बड़े नाले में जल जमाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए अगर जलजमाव की स्थिति होती है तो सारी जिम्मेदारी उन अधिकारियों की होगी जिनको जिम्मेदारियां दी गई हैं इसलिए अधिकारीगण अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बरसात से पूर्व सभी बड़े नालो सहित छोटे एवं मझोले नालों की पूर्ण रूप से सफाई कराएं। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / एसडीएम सदर कुलदीप मीना एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह एसीएम विनय पांडेय अपर एसडीएम सदर अनुपम मिश्रा पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव सदर तहसीलदार वीरेंद्र गुप्ता नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग : दिये आवश्यक दिशा – निर्देश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 कालिदास मार्ग लखनऊ से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर जनपद के ब्लॉक तहसील व जिला स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर कहा कि देश व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभी 100 दिन 6 महीने एक साल के कार्यों का रोड मैप दिया गया है उसी के अनुरूप ब्लॉक तहसील व जिला स्तरीय अधिकारी अपने–अपने विभागों के कार्यों का निस्तारण करेंगे किसी भी अधिकारी के द्वारा हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिम्मेदारी पूर्वक दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे कोरोना बढ़ रहा है सावधानी जरूरी है कोविड चेकअप दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप पूर्ण करें जिससे कोविड–19 का मरीज बढ़ने ना पाए साफ–सफाई व्यवस्था समस्त ऑफिस में व्यवस्थित तरीके से होना चाहिए जिन ऑफिस में जगह है उन ऑफिस में फूल पौधे हरा भरा रहना चाहिए आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण बिना किसी भेदभाव के स्थलीय निरीक्षण करने के बाद निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण हो सके केवल खानापूर्ति से कार्य नहीं होगा हकीकत में कार्य दिखाना होगा। कानून व्यवस्था चाक–चौबंद होनी चाहिए कानून व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के लिए अपराध पर नियंत्रण के लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश की कानून–व्यवस्था को और बेहतर बनाने



तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के कार्य योजना बना है उसकी कहते कानून पर नियंत्रण करें इसी आधार पर पुलिस विभाग व उसकी विभिन्न इकाइयों के साथ–साथ जिला स्तर पर पुलिस को मजबूत और प्रभावशाली बनाया जाएगा। इसमें कंट्रोल कमांड सेंटर को और बेहतर व अत्याधुनिक संसाधनों से लैस करने के साथ–साथ सोशल मीडिया सेल को और प्रभावी बनाया जाएगा। इसी तरह की कार्रवाई जिला स्तर पर भी की जाएगी।यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए ठोस योजना बनाई जा रही है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रमुख रूप से एडीजी जोन अखिल कुमार कमिश्नर रवि कुमार एनजी डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंद्र गौड़ अपर आयुक्त अजय कांत सैनी जिलाधिकारी विजय किरन आनंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक डॉ महेंद्र पाल सिंह पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा व्यवस्था लाल भरत पाल क्षेत्राधिकारी एलआईयू राहुल पंकज सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## आशिक के घर पहुंची किशोरी शादी के जिद पर अड़ी : स्वजन परेशान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी बुधवार दोपहर प्रेमी के घर पहुंच गई।प्रेमी के स्वजनो ने डायल 100 पर फोन कर दिया।सूचना पर पहुंची डायल 100 की टीम ने लड़की व उसके भाई को थाने ले आई।हलाकि किशोरी अपने आशिक से शादी के लिए अड़ी रही और पूरा दिन समझाने बुझाने का कार्यक्रम चलता रहा अंत में देर शाम पुलिस ने लड़की को समझा बुझाकर उनके स्वजनो को सौंप दिया। बता दे खजनी थाना क्षेत्र के एक किशोरी 16 बर्ष को इसी थाना क्षेत्र के महिलावार गांव निवासी अजय कुमार उम्र 22 बर्ष से प्यार हो गया।प्यार इतना परवाना चढ़ा कि दोनो युगल जोड़ी 23 अप्रैल 2021को हैदराबाद भाग गए।लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद अजय के खिलाफ अपरहण का अभियोग दर्ज कर लिया।मोबाइल लोकेशन के आधार पर खजनी पुलिस ने हैदराबाद में लड़की व उसकी आशिक अजय को बरामद घर अजय को जेल भेज दिया। अभी अजय को 1 महीना पहले जेल से रिहा हुआ था कि फिर दोनो मोबाइल के जरिए बातचीत करना शुरू कर दिए।बुधवार दोपहर अचानक किशोरी अजय के घर पहुंच गई।और शादी की बात करने लगी।अजय के स्वजनों के सूचना पर डायल 100 मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किशोरी को थाने पर लाई और फोन से किशोरी को भाई को बुलाकर दिनभर थाने में बैठाया रखा।देर शाम किशोरी को समझा–बुझाकर उसके परिजनों को सौंप दिया।

## प्रेम में पागल महिला ने अपने पति को तकिए से मुह दबाकर मार डाला : महिला गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल धूषण के बड़ी रेतवईयां गांव में प्रेम में पागल हुई एक महिला ने अपने ही पति को मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिपराइच के बड़ी रेतवईया निवासी मुकेश चौहान उम्र 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मुन्ना चौहान की शादी 6 साल पहले महाराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के सोहरौना गांव के सिरसिया टोले पर खुशबू पुत्री सुधारे चौहान से हुई थी। मुकेश मजदूरी कर अपने परिवार का जीवीकोपार्जन करता था। उसके दो छोटे बच्चे है बड़ा बेटा 5 वर्ष का छोटा बेटा 4 वर्ष का है। सूत्रों के अनुसार रात में खाना खाने के बाद पति पत्नी और बच्चे सो गए थे। गुरुवार की भोर में खुशबू ने अपने ही पति मुकेश के नाक, व मुंह ,को तकिए से दबाकर मार डाला और फिर सोने का नाटक कर सो गई ।सुबह उठी और घर का काम करने लगी जब बच्चे सो कर उठे तो पिता को मृत देखें बच्चों ने अन्य घर वालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ में पत्नी खुशबू टूट गई और हत्या की बात कबूल कर ली। हालांकि उसने कहा कि पति शराब पीकर अक्सर मारपीट करता था बुधवार की शाम को भी मारपीट किया था ।जिससे वह परेशान होकर उसकी हत्या कर दी। वहीं पड़ोस के लोगों का कहना है कि हत्यारोपी महिला खुशबू दो बार अपने प्रेमी के साथ भाग चुकी है और चिलबिलवा के एक युवक से प्रेम करती थी उसी के साथ दो बार भागी थी ।बाद में पुलिस के शिकायत के बाद वह घर आई थी । मृतक मुकेश के भाई विजय चौहान ने हत्या के बाद पुलिस को तहरीर दी है ।तहरीर ने उसमें खुशबू पर चिलबालवा के गोविंद मोर्या के साथ भागने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रेमी के नाते वह अक्सर मुकेश से लड़ाई करती रहती थी ।बुधवार की रात को भी दोनों में लड़ाई हुई थी। उसके बाद खुशबू ने तकिये से नाक, मुंह ,दबाकर हत्या कर दी। मृतक मुकेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था ।उसके भाई विजय का कहना है कि अभी 3 माह पहले भी खुशबू अपने प्रेमी गोविंद के साथ भागी थी।

## निहत्थे व्यक्ति को दबंगों ने दौड़ाकर पीटा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मामला खजनी थाना क्षेत्र सियर गांव का खजनी थाना क्षेत्र सियर गांव का विवेक यादव पुत्र जमुना यादव अपने मोटरसाइकिल से किसी शादी में जा रहे थे तभी सामने से आ रहे डंपर ने विवेक यादव के मोटरसाइकिल से टकरा गई विवेक ने एतराज जताया और मोटरसाइकिल लेकर चला गया डंपर चालक ने इसकी सूचना अपने मालिक प्रिंस मौर्य को दी प्रिंस मौर्य बौखलाए अपने 8 से 10 साथियों के साथ नंदा पर गांव में शादी समारोह में गए विवेक के ऊपर ताबड़तोड़ लाठी डंडा राठ से हमला कर लहूलुहान कर दिए इतने में भी इनका मन नहीं भरा दबंगों ने विवेक के बाबा के घर चढ़कर गाली गुप्ता जानमाल की धमकी दी। दबंगों द्वारा यह भी कहा गया कि आप लोग कहीं भी जाएं आप लोगों की सुनवाई नहीं होगी। पीड़ित विवेक यादव सुबह से ही थाने में बैठा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विवेक सुबह से ही दर्द से करा रहा है लेकिन पुलिस द्वारा पीड़ित व्यक्ति का कोई भी डॉक्टरी नहीं कराया गया।

## प्रधानाचार्य ने अभिभावक के साथ की बदसलूकी

जौनपुर शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सुलतानपुर गौर गांव स्थित सहदेव ऋषि कुल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा अभिभावक के साथ बदसलूकी करने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। छात्रा की मार्कशीट और टीसी देने के लिए कई दिनों तक दौड़ाया। सुल्तानपुर गौर गांव निवासी अखिलेश मौर्या की बेटी अंजलि मौर्या उक्त विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ती थी। परिवार के लोग दूसरे विद्यालय में पढ़ाना चाहते थे।जिसके लिए कॉलेज के प्रधानाचार्य जय कुमार मौर्या को स्थानांतरण प्रमाण पत्र व अंकपत्र प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसके लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा कई बार दौड़ाया गया और स्थानांतरण प्रमाण पत्र व पत्र नहीं दिया गया। अंत में छात्रा अपने अभिभावक के साथ विद्यालय पहुंची और टीसी व अंक पत्र देने का आग्रह किया।जिस



वजह से प्रधानाचार्य नाराज हो उठे और अभद्र टिप्पणी किया। जिसे परिवार के लोगों ने मोबाइल में वीडियो रिकॉर्ड कर वायरल कर दिया। प्रधानाचार्य की कार्यशैली से सिर्फ अभिभावकों में ही नहीं गांव के लोगों में भी नाराजगी है। प्रधानाचार्य जय कुमार मौर्या ने कहा कि आपको जो आरोप लगाया है और निकालना है तो निकाल लीजिएगा।

## एसडीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण : चाक चौबंद मिली व्यवस्था

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : उपजिलाधिकारी ने गुरुवार को सवायजपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया।एसडीएम सवायजपुर राकेश सिंह गुरुवार को अचानक सीएचसी सवायजपुर पहुंचे और निरीक्षण किया उन्होंने अस्पताल में ओपीडी रजिस्टर, दवा का स्टॉक, उपस्थिति पंजिका,आब्जर्वर रूम,कोविड, जनरल वार्ड,शौचालय, बाथरूम सहित स्वास्थ्य केंद्र के हर पटल का बारीकी से निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण से अस्पताल में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी को सीएचसी पर सभी व्यवस्थायें दुरुस्त मिली। जिसके लिये उन्होंने सीएचसी प्रभारी के कार्य की सराहना की। अस्पताल में साफ सफाई को देखकर एस डी एम संतुष्ट नजर आये। एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जनरल वार्ड में दो महिला पेशेंट एवं डिलीवरी वार्ड में दो महिला पेशेंट एडमिट मिली। एसडीएम राकेश सिंह द्वारा मरीजों से इलाज और दवाइयों के संबंध में पूंछतांछ की गई सभी के द्वारा इलाज और दवाइयों आदि के संबंध में संतुष्टि



जताई गई। इसके अतिरिक्त कुछ मरीज काउंटर पर दवाई लेते हुए पाये गये जिनसे एसडीएम द्वारा पूंछतांछ की गई तो उनके बताया गया कि डॉक्टर द्वारा जो दवाएं लिखी गई हैं वे सभी दवाइयां सीएचसी से ही प्राप्त हो गई हैं औचक निरीक्षण के समय डॉ अजय कुमार, डॉ रितु एवं फार्मासिस्ट सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित मिला। एसडीएम ने प्रभारी चिकिसाधिकारी के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि वे सरकारी कार्य से हरदोई गये है।

## धारा420 में वांछित के घर पुलिस ने किया कुर्की का नोटिस चस्पा

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार–धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बंदगानबस्ती का एक व्यक्ति जो हरदोई जिले में अपराध संख्या 372/17 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, आईपीसी में वांछित हैद्य गुरुवार को उपनिरीक्षक कालीचरण थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई, हेड का0 जयप्रकाश नारायण, का0 संतोष तिवारी व थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के सहयोग से अपराधी के घर पहुंच कर अपराधी का पूछताछ किया और अपराधी मौके पर ना मिलने पर न्यायालय द्वारा जारी कुर्की का नोटिस चस्पा किया। उप निरीक्षक कालीचरण ने बताया कि अगर रतन उर्फ रत्नाकर उपाध्याय हाजिर नहीं होता है तो



इनकी अचल संपत्ति कुर्क की जाएगी।

## घर घर जाकर नामांकन हेतु किया प्रेरित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जनपद में नामांकन हेतु एक मुहिम चल रही है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा जितनी संजीदगी से अभिभावकों को प्रेरित किया जा रहा है, अति प्रशंसनीय है/उन्होंने एक नई चेतना का संचार किया है जिससे हमारा कोई भी नौनिहाल गुणवत्ता युक्त शिक्षा से वंचित न रह जाए/ इसी क्रम में शाहगंज में भी पूरी तैयारी के साथ यह अभियान ,चलाया जा रहा है, ए आर पी प्रशांत मिश्र द्वारा आज मखमेलपुर एवं उसरहटा में व्यापक रूप से अभिभावकों से सम्पर्क कर प्रेरित किया गया,उन्होंने बच्चों को टाफी वितरित कर विद्यालय आने हेतु अनुरोध किया.सरकार की मंशा से अवगत कराते हुए, मिलने वाली मुफ्त सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश



डाला. अभिभावकों से संपर्क करने में उनके साथ प्रधानाध्यापक सूर्यकांत यादव सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

# तिलकधारी महाविद्यालय में दिया जाएगा ट्रिपल सी एवं ओ. लेवल की शिक्षा – प्राचार्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर में संगणक कक्ष का हुआ लोकार्पण। लोकार्पण कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि कुलपति, वीर बहादुर सिंह पुर्वांचल विश्विद्यालय प्रो0 निर्मला एस मौर्य ने कहा कि तिलकधारी महाविद्यालय में कम्प्यूटरीकृत तकनीकी शिक्षा का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है इससे छात्रों को अत्यंत आवश्यक कम्प्यूटर का मूलभूत ज्ञान प्राप्त होगा। कार्यक्रम में बोलते हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो दुर्ग सिंह चौहान ने कहा कि संस्कृति, संस्कार के साथ–साथ तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी हम लोगों को आगे बढ़ना है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए जौनपुर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि तिलकधारी महाविद्यालय शिक्षा और ज्ञान का अक्षुण केंद्र है जिसके विद्यार्थी पूरे वैश्विक पटल पर अपनी ज्ञान की सर्जना शक्ति को फैला रहे हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए अमेरिका में रह रही श्रीमती सुमित्रा सिंह पत्नी डॉ रवि प्रकाश सिंह ने कहा कि हमारी प्रबल इच्छा है कि हम अपने देश और समाज और जिस महाविद्यालय से अटूट सम्बन्ध रहा है उसके लिए कुछ कर सकें और इसीलिए हमने डॉ रवि प्रकाश सिंह संगणक कक्ष के निर्माण हेतु इस अनुदान को देने का निश्चय किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो कीर्ति सिंह ने कहा कि आज के विकासवादी युग में तकनीकी शिक्षा का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। आभार ज्ञापन प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य डॉ राधेश्याम सिंह ने किया। इस कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा और डॉ रवि प्रकाश सिंह के व्यक्तित्व



और कृतित्व पर प्रकाश तिलकधारी महिला महाविद्यालय के उप प्रबंधक एवं अंग्रेजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ डी. आर. सिंह ने डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो आलोक कुमार सिंह ने कहा कि नाइलिट से इस महाविद्यालय में ट्रिपल सी एवं ओ. लेवल के प्रशिक्षण एवं उपाधि के लिए आवेदन किया जा चुका है और जल्द ही छात्रों के लिए इसका प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा और साथ में अन्य छात्रों को तकनीकी का अत्यंत आवश्यक ज्ञान प्राप्त होगा। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य डॉ प्रमोद कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, संजय सिंह, संस्थापक परिवार से प्रकाश सिंह, पूर्व प्राचार्य यू. पी. सिंह, डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ माधुरी सिंह, डॉ सरोज सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिंह, मुख्य अनुशास्ता डॉ राजीव रतन सिंह एवं सभी महाविद्यालय प्राध्यापक एवं प्राध्यापिका उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरि ओम त्रिपाठी ने किया।

# थाना बक्शा पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वाँछित चल रहे अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय कुमार साहनी के अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन व पर्वेक्षण में व थानाध्यक्ष बक्शा दिव्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 गणेश राजपूत मय हमराह हे0का0 उत्तम श्लोक पाण्डेय व हे0का0 महेन्द्र यादव द्वारा मु0अ0सं0 126/2022 धारा 354 भा0द0वि0 व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त सूरज शर्मा उर्फ शिब्बू पुत्र अमरनाथ शर्मा ग्राम उतरीजपुर थाना बक्शा जौनपुर को शम्भूगंज बाजार से समय करीब 11.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.सूरज शर्मा उर्फ शिब्बू पुत्र अमरनाथ शर्मा ग्राम उतरीजपुर थाना बक्शा जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 126/22 धारा 354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना बक्शा जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण– 1. उ0नि0 गणेश राजपूत थाना बक्सा,जौनपुर 2. हे0का0 उत्तमश्लोक पाण्डेय थाना बक्सा,जौनपुर 3. हे0का0 महेन्द्र यादव थाना बक्शा जौनपुर।

# थाना शाहगंज पुलिस ने 02 वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी शाहगंज व प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.04.2022 को थाना शाहगंज की पुलिस द्वारा 02 वारण्टियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार वारण्टी का नाम पताः– राजाराम पुत्र स्व0 तेजू राजभर नि0 ताखापश्चिम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। सम्बन्धित मुकदमा– मु0अ0सं0 मु0नं0 380/2016 धारा 323/504 भादवि थाना शाहगंज जौनपुर थाना शाहगंज जौनपुर। गिरफ्तार वारण्टी का नाम पताः– गीता पत्नी ईश्वरलाल नि0 पठखौली थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। सम्बन्धित मुकदमा– मु0अ0सं0 मु0नं0 209/2020 धारा 452/323/504/506 भादवि थाना शाहगंज जौनपुर थाना शाहगंज जौनपुर।

# थाना पवाँरा पुलिस द्वारा एक वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष श्री मनोज कुमार पवांरा के कुशल निर्देशन में उ0नि0 शितलू राम मय हमराह हे0का0 सर्वेश विक्रम यादव द्वारा मु0अ0स0 127/21 धारा 147/323/504/506/304 भादवि में वाँछित अभियुक्त पारस नाथ पुत्र स्व0 पूर्णमासी नि0 सजईकला खुर्द थाना पवाँरा जनपद जौनपुर को मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 27.04.22 को समय करीब 11.30 बजे ग्राम सजई कलाँ से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त –1. अभियुक्त पारस नाथ पुत्र स्व0 पूर्णमासी नि0 सजईकला खुर्द थाना पवाँरा जनपद जौनपुर।



अपराधिक इतिहास – 1. मु0अ0नं0 127/2021 धारा 147/323/504/506/304 भादवि थाना पवारा जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1. उ0नि0 शितलू राम थाना पवाँरा जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 सर्वेश विक्रम यादव थाना पवाँरा जनपद जौनपुर।

# थाना बदलापुर जौनपुर द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद व हे0का0 प्रमोद यादव द्वारा मु0अ0सं0 38/22 धारा 363/366/504 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त सिन्टू गौतम पुत्र रामसकल गौतम नि0 ग्राम छंगापुर थाना बदलापुर जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर थाना बदलापुर क्षेत्र अंतगर्त ग्राम संभलगंज पेट्रोल पंप के पास से आज दिनांक 27.04.22 समय 10.50 बजे सुबह गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। सम्बन्धित अभियोग– 1. मु0अ0सं0 38/2022 धारा 363/366/504 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट गिरफ्तार अभियुक्त– 1.सिन्टू गौतम पुत्र रामसकल गौतम नि0 ग्राम




छंगापुर थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद,हे0का0 प्रमोद यादव थाना बदलापुर जौनपुर।

# पूर्व विधायक ने पुल निर्माण कार्य हेतु किया भूमि पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड रामपुर के नगेशरा घाट पर पूर्व विधायक डॉ लीना तिवारी के अथक प्रयास से 5 जनवरी 2022 को पूल की स्वीकृत मिली थी। जैसे ही यह सूचना क्षेत्रीय लोगों को लगी तो क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लेकिन विधानसभा चुनाव के कारण कार्य को शुरू नहीं कराया जा सका।वही बुधवार की दोपहर मड़ियाहूँ की पूर्व विधायक डॉ लीना तिवारी ने नगेशरा घाट पर पहुंचकर पुल के निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के दौरान पूर्व विधायक डॉक्टर लीना तिवारी ने बताया कि इस पुल के लिए कई वर्षों से वह खुद ही प्रयासरत थी वही 5 जनवरी 2022 को पुल बनने की स्वीकृति भी मिल गई। पुल निर्माण कार्य के लिए 777.35 लाख रुपये धन भी स्वीकृत हुआ है। यह निर्माण कार्य कार्य सेतु निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। वही भूमि पूजन के दौरान सेतू निर्माण विभाग के कर्मचारी सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे। समाजसेवी भूपेंद्र शर्मा की माने तो इस पुल के निर्माण कार्य से यहां के क्षेत्रीय लोगों के बच्चों के पठन–पाठन को लेकर जो असुविधा होती थी वह समाप्त हो जाएगी, वही पुल के निर्माण कार्य के कारण क्षेत्रीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेगा, वही हंथेरा, पूरेलला सहित जमालापुर बाबतपुर मार्ग पर जाने के लिए क्षेत्रीय लोगों को लगभग 10 किलोमीटर कम दूरी तय करना पड़ेगा। वही क्षेत्रिय लोगों ने पूर्व विधायक डॉ लीना तिवारी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लीना तिवारी, अंतिम पांडे, मीडिया प्रभारी अनुराग मिश्रा, सात्विक तिवारी, संतोष सिंह,राजू मिश्र, आशीष मिश्र, ग्राम प्रधान अनिल कुमार, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# फर्जी विद्यालयों को चलाना करे बंद नही तो होगीं कड़ी कार्यवाही– : सुरेंद्र सिंह पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह पटेल ने क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे कई कान्वेंट स्कूलों को चेक किया।जिसमें गोरापट्टी में चल रहे फर्जी विद्यालयों में आरपी सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल को बंद कराते हुए चेतावनी दिया कि आगे से स्कूल चलता मिला तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों को उनके घर भेजवाते हुए,सम्बंधित गांव के प्राइमरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बुलाकर बच्चों का दाखिला विद्यालय में करने का निर्देश दिया।गोरापट्टी गांव में उक्त विद्यालय की कोई मान्यता नही है।इसके अलावा हरीपुर गांव में एमकेएस पब्लिक स्कूल, सुपर कान्वेंट स्कूल आलमगंज, व खुंदनपुर गांव में चल रहे बिना नाम के फर्जी स्कूलों में चेकिंग के दौरान काफी बच्चे पढ़ते हुए मिले।सभी विद्यालय के संचालको को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने चेतावनी देते हुए विद्यालय को बंद करवा दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिन गांवों के बच्चे इस विद्यालय में पढ़ाई करने आये है, उन गांवो के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बुलाकर बच्चों के नाम व अभिभावक का नाम लिखकर उसने संपर्क कर नामांकन करने का निर्देश दिया।उन्होंने बताया कि डीएम व बीएसए के निर्देश पर क्षेत्र में बिना मान्यता के स्कूलों की जांच की जा रही है,कोई भी विद्यालय फर्जी नही चलेगा।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील किया कि कान्वेंट स्कूलों में बच्चों का नामांकन कराते समय स्कूल के बारे में पता करके ही कराए, फर्जीवाड़े के चक्कर मे न पड़े।

# सवंसा गांव पहुँचे मंत्री दयालु ने प्राचीन आदि शक्ति महामाई मंदिर में नवाया शीश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के सवंसा गांव में बने आदिशक्ति माँ महामाई मंदिर में मूर्ति स्थापना से पूर्व बुधवार को प्रदेश सरकार के आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पहुँच शीश नवाया। करीब एक घण्टे मन्दिर में रहने के दौरान दयालु ने भ्रमण कर पुराने जीर्ण शीर्ण मंदिर को देख उसी स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण की सुंदरता को खूब सराहा। मंत्री दयालु ने थानाध्यक्ष दिब्यप्रकाश सिंह से भंडारे तक पर्याप्त सुरक्षाबलों को रखने का निर्देश दिया। मन्दिर में मुर्तियो के प्राण–प्रतिष्ठा से पूर्व महापूजन कार्य प्रारम्भ हुआ। अयोध्या के विद्वान आचार्य जगदम्बा प्रसाद मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन–अर्चन प्रारम्भ कराया।नवनिर्मित माँ महामाई मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को मंदिर के मुख्य यजमान गणेश चन्द्रशेखर उपाध्याय व श्रीमती वैशाली ने विधि–विधान से पुजन कराया। गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस दौरान सतीश मिश्र, विजय शंकर, शिवशंकर, ज्ञानेंद्र मिश्र, गौरव शुक्ला, अम्बरीष उपाध्यक्ष, डॉ. सुधीर उपाध्याय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# ईद नही मना पाएगें पेंशन भोगी : छह माह से नहीं मिल रही पेंशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पालिका के सेवा निवृत्त कर्मियों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पिछले छः महीने से पेंशन राशि का भुगतान नहीं किए जाने से आक्रोशित पेंशनभोगियों ने मुख्यमंत्री,जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पेंशन राशि का भुगतान कराने की गुहार लगाई है।साथ ही साथ पेंशन न मिलने पर ईद नही मनाने का फैसला किया है।पेंशनर धारको का कहना है कि पैसा नही है तो ईद कहां से मनाएंगे। नगर पालिका के सेवा निवृत्त कर्मियों के मुताबिक बताया करीब छः माह से पेंशन राशि का भुगतान नहीं किए जाने से वह भुखमरी के कागार पर पहुंच गए हैं।नगर पालिका प्रशासन द्वारा सेवा निवृत्त हुए लगभग 54 कर्मियों का बीते छः माह से पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है बताया कि पेंशन राशि के सहारे जीवन यापन करने वाले सेवा निवृत्त कर्मियों के पेंशन राशि का भुगतान नहीं होने से उनके सामने जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही साथ मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी महोदय को पत्र भेजकर पेंशन राशि का भुगतान कराने की मांग की गई है।पत्र मे रिटायर्ड कर्मचारियों ने पेंशन न मिलने अपनी अपनी तकलीफों का जिक्र किया है। इस बाबत पूछे जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष शिव गोविन्द साहू ने बताया कि मामला संज्ञान में है।बजट का आभाव है शीघ्र ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# शिविर में सौ लाभार्थियों ने किया आवेदन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रेहटी पटरी वालों को स्वावलम्बी बनाने के लिए लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन पर बुद्धवार को नगरपंचायत कार्यालय में पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया! शिविर में 126 के लक्ष्य के सापेक्ष 100 लोगों ने ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया! अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को आर्थिक स्थिति में मजबूत व स्वावलंबी बनाने के लिए शासन द्वारा दस हजार रुपये के ऋण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को समय से 12 माह में सही लेन–देन व अदायगी करने पर बीस हजार का ऋण एवं समय पर वापस करने पर पचास हजार का सिक्योरिटी फ्री लोन दिया जा रहा है! नियमित भुगतान पर 7 प्रतिशत सब्सिडी एवं डिजिटल लेनदेन करने पर साल में 12 सौ रुपए तक कैशबैक दिया जाएगा! अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बीस हजार रुपये का ऋण शासन द्वारा निर्धारित 126 लक्ष्य के सापेक्ष 100 लाभार्थियों का आवेदन शिविर के माध्यम से ऋण वितरित किया गया! ऐसे में 10000 ऋण ले चुके लाभार्थियों से उन्होंने अपील किया है कि बैंक से नोड्यूज लेकर बीस हजार रूपये के ऋण हेतु आवेदन नगर पंचायत कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन करा कर योजना का लाभ लें!

# थाना खेतासराय पुलिस ने एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी शाहगंज व थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र मय हमराह हे0 कां0 रंजन कुमार सिंह कां0 राजकुमार यादव के साथ देखभाल क्षेत्र में मामूर था कि मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि जो दिनांक 23/04/ 2022 को अमित गुप्ता के वर्क शॉप खेतासराय से चोरी एक ड्रिल मशीन ,दो हथौड़ी,एक गलेंडर मशीन, एक पिलास , आठ रिंच पाना ,एक सलाई रिंच आदि की चोरी हुई है आज चोरी का माल लेकर शाहगंज बेचने जा रहा है यदि जल्दी किया जाय तो पकडा जा सकता है इस सूचना पर उ0नि राजेश कुमार मिश्र मय हमराह पुलिस बल के काली मंदिर खेतासराय बाजार के पास से मुखबिर के निशानदेही पर एक व्यक्ति को कुछ सामान के साथ पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम आदिल जोगी पुत्र जहांगीर उर्फ उजागीर निवासी वार्ड नंबर 11 जोगियाना थाना खेतासराय जनपद जौनपुर बताया जिसकी जामा तलाशी से उक्त सामान बरामद हुआ। उक्त के सम्बन्ध में पूर्व में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–




65/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1–आदिल जोगी पुत्र जहांगीर उर्फ उजागीर निवासी वार्ड नंबर 11 जोगियाना थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक ड्रिल मशीन,दो हथौड़ी,एक गलेंडर मशीन,एक पिलास ,आठ रिंच पाना,एक सलाई रिंच आपराधिक इतिहासः– 1–मु0अ0सं0 65/2022 धारा 379 411 भा0 द0 वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. मु0 अ0 सं0 40 /2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना शाहगंज जौनपुर जौनपुर। 3. मु0 अ0 सं0150 /2021 धारा 379 ,411 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम दृ 1. SO श्रीप्रकाश राय थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3. हे0कां0 रंजन कुमार सिंह कां0 राजकुमार यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

# ताहिरपुर के धरिकार बस्ती में नामांकन करने पहुँचे एडी बेसिक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक वाराणसी (एडी बेसिक) अवध किशोर सिंह ने गुरुवार को स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों का नामांकन कराने ताहिरपुर गांव के धरिकार बस्ती में पहुंचे। वहां अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चो को परिषदीय विद्यालयों में दाखिले हेतु प्रेरित किया। उन्होंने खुद अपने हाथों से बस्ती के 14 बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में किया। मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक दिन में लगभग 12 बजे बीआरसी भवन पर पहुंचे। वहां खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव व एआरपी के साथ बैठक कर ब्लाक में नामांकन की स्थिति व पठन– पाठन की जानकारी ली। विद्यालय मे बच्चों के पठन पाठन व भौतिक परिवेश से बहुत खुश हुए। दिया कि सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचे और निर्धारित समय तक स्कूल में मौजूद रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया शिक्षको की उपस्थिति समय से हो इसके लिए न्याय पंचायत स्तर की टीम बनाई गई है। बताया कि टीम के लोग विद्यालय खुलने के समय स्कूलों पर जाकर वहां की फोटो लेकर व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजकर स्थिति की



जानकारी देते है। उन्होंने नामांकन की स्थिति को और भी तेज करने का निर्देश दिया। वहां से वे सीधे प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर पहुंचे। वहां कक्षाओं में जाकर छात्रों से सवाल किया तो बच्चों ने भी उत्साह के साथ सवालों का जमकर जबाब दिया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित सिंह को ब्लाक में सर्वाधिक नामांकन के लिए तारीफ की। उन्होंने अभिभावकों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक उपस्थिति के लिए जोर दिया। वहां से वे सीधे धरिकार बस्ती पहुंचे। वहां अपने हाथों से 14 बच्चो का नामांकन किया। नए कराने वाले बच्चों को उन्होंने कापी, पेंसिल रबर व टाफी बिस्किट देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह राघवेंद्र सिंह एआरपी शैलेश चतुर्वेदी अनुपम श्रीवास्तव सुरेश यादव शैलेन्द्र यादव उपाध्यक्ष राजीव सिंह लोहिया दिनेश यादव मंजू जैसवार आराधना उपाध्याय गजाला बानो श्यामधर यादव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# सहकार भारती जौनपुर के जिला अध्यक्ष बने कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्रव्यापी संगठन सहकार भारती उत्तर प्रदेश की प्रदेश कमेटी के सर्वसम्मति से सहकार भारती उत्तर प्रदेश के महामंत्री प्रवीण सिंह जादौन ने श्री कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू को सहकार भारती का जनपद जौनपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया आपको बता दें कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू सहकारिता के क्षेत्र में कई दशको से अपना वर्चस्व कायम रखने वाले पूर्व विधायक/अध्यक्ष जिला पंचायत एवं सहकारी बैंक के चेयरमैन कुँवर वीरेंद्र प्रताप सिंह के छोटे भाई है श्री सिंह के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर जनपद में खुशी की लहर दौड़ आई जनपद के दुर्गा पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह, युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक सिंह, जायसवाल समाज के अध्यक्ष सर्वेश जायसवाल, अवनींद्र तिवारी, सरदार मनमोहन सिंह, देवेश श्रीवास्तव,



अनाज संघ के अध्यक्ष संजय केडिया,रविन्द्र अग्रहरि ने बधाई दिया।

# खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी०एम०ई०जी०पी०) का किया जा रहा क्रियान्वयन


जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि अपर मुख्य सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग उ०प्र० शासन लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है, कि उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी०एम०ई०जी०पी०) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजना के अन्तर्गत सेवा उद्योग हेतु 10.00 लाख तथा उत्पादन सेक्टर में उद्यम की स्थापना के लिये 25.00 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिलाये जाने प्रविधान है, लाभार्थियों को प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत तक का अनुदान दिय जाने की व्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम स्थापना के उपरान्त 03 वर्ष तक 13 प्रतिशत अधिकतम ब्याज नियमानुसार लाभार्थी को प्राप्त हो सकेगा। स्पष्ट है कि इस योजना में उद्यम की स्थापना करने वाले लाभार्थियों को बहुत अधिक लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिसके कारण उद्यम की सफलता की सम्भवनाएं काफी बढ़ गई है, ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम की स्थापना हेतु यह योजना काफी सार्थक एवं लाभप्रद है, परन्तु ग्रामीण जनों की सहभागिता कम होने के कारण आशानुकुल आवेदन पत्र प्राप्त नहीं है, परन्तु योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है तथा अनुदान प्राप्त होने की व्यवस्था भी ऑनलाइन (www.kviconline.gov.in) होने के कारण यह योजना पूरी तरह पारदर्शी है। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया है कि योजना से सम्बन्धित विवरण वांछित अभिलेख, मॉडल प्रोजेक्ट रिर्पोट संलग्न कर इस अपेक्षा के साथ प्रेषित की जा रही है कि अपने विकासखण्ड से कम से कम 50 ऋण आवेदन पत्र 15 के दिनों में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पोर्टल (www.kviconline.gov.in) पर एजेन्सी (KVIB) का चयन करते हुए आवेदन कराये तथा उसकी हार्ड कापी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जौनपुर को उपलब्ध करावें, ताकि ग्रामीण स्तर पर अधिकाधिक रोजगार सृजन कराया जा सके। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जौनपुर यू०पी० सिंह, मो० नम्बर 9580503155 पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

# सपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में चार सूत्रीय मांगों का जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के रुदौली तहसील क्षेत्र की अघोषित विद्युत कटौती से नाराज समाजवादी पार्टी के रुदौली क्षेत्र नेताओं ने जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव व चौधरी शहरयार के नेतृत्व में जिला अधिकारी को सम्बोधित 4 सूत्री ज्ञापन सौंपा व समस्या का सामधान ना होने पर जल्द आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी है।जिला अधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड, रुदौली,अयोध्या से दूरभाष पर बात की व जल्द समाधान के लिए कहा।इस मौके पर जिला अध्यक्ष गंगा सिंह ने रुदौली तहसील क्षेत्र में हो रही अघोषित विद्युत कटौती से तत्काल मुक्त किए जाने की माँग की जिससे इस भीषण गर्मी में क्षेत्रीय जनता को राहत मिल सके। उन्होंने समस्या का निस्तारण ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।वरिष्ठ नेता चौधरी शहरयार ने कहा की रमजान माह में रोजेदारों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।कटौती से क्षेत्र के व्यापारी वर्ग के व्यापार प्रभावित हो रहा है।छात्रों की पढ़ाई में समस्या के साथ घरों में रह रहे छोटे बच्चे व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल में नगर अध्यक्ष आमिर खान ,सभासद मो.इद्रीस,शुएब खान,वरिष्ठ नेता नदीम खान ,परवेज अहमद आदि मौजूद थे।

# पत्रकार व ढाबा मालिक की पुत्री एमपी में जज बनकर किया माता पिता का नाम रोशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आज की बेटिया बेटो से हमारे समाज में किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है।वे वर्तमान समय में बेटो से हर क्षेत्र में कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है।जिसका जीता जागता उदाहरण जिले के ढाबा मालिक की बेटी ने वह करिश्मा कर दिखाया है जो बड़े–बड़े नहीं कर सकते।सूत्र के मुताबिक मध्यप्रदेश की पीसीएसजे की परीक्षा पहली बार में उत्तीर्ण कर उसे न्यायिक अधिकारी का पद मिला है।जिससे न सिर्फ परिवारजनों का नाम ऊंचा हुआ है बल्कि जनपद के लोग भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।मालूम हो कि जिले के रुदौली तहसील क्षेत्र गोहन्ना निवासी शम्भू नाथ मिश्रा सोहावल तहसील क्षेत्र के बरई कला में गुरु जी ढाबा चलाते हैं।शम्भू नाथ की बेटी प्रिंसू मिश्रा ने मध्यप्रदेश पीसीएस जे परीक्षा व साक्षात्कार में 69वां रैंक पाकर न्यायिक अधिकारी की परीक्षा पास कर ली है।वही प्रिंसू ने इस सफलता का श्रेय अपनी बड़ी बहन पूजा मिश्रा, पिता व दिवंगत मां मीना मिश्रा और दादा भवानी प्रसाद मिश्रा को दिया है।पिता ने बताया कि प्रिंसू ने दसवीं कक्षा फैजाबाद पब्लिक स्कूल व बारहवी की पढ़ाई लखनऊ से की थी।इस दौरान उसने सर्वोच्च अंक



हासिल किए थे।दिन रात मेहनत करते देख कम्प्यूटर इंजीनियर बड़ी बहन पूजा की देखरेख में उसने देहरादून बीए एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण की।इसके बाद पहली बार मध्य प्रदेश के साथ साथ हरियाणा,दिल्ली, पीसीएस जे की परीक्षा दिलवाई, जिसका परिणाम रहा कि मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारी के पद पर चयन हो गया। शेष दो प्रदेशों की परीक्षा का रिजल्ट आना अभी बाकी है।

# एडीजी पीएसी,पूर्वी जोन प्रयागराज 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के निरीक्षण के दौरान दिखे संतुष्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी पीएसी वाराणसी पीआरओ के मुताबिक गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक,पीएसी, पूर्वी जोन प्रयागराज, बी आर मीणा ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी का निरीक्षण व भ्रमण किया।इस दौरान वहाँ पर दिखे कार्यो से संतुष्ट दिखे।जिस पर उन्होने वहाँ पर तैनात कर्मियो के कार्यो सराहना किया।इस मौके पर 34 वी वाहिनी पीएसी के कमांडर डाक्टर राजीव नारायण मिश्र भी उपस्थित रहे।इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज बी आर मीणा ने यहाँ पर प्रशासनिक भवन (कार्यालयध्शाखाओं) वाहिनी के दलों के बैरक, आरटीसी बैरक अस्पताल, भोजनालय, स्नानागार, शौचालय, महिला कल्याण केंद्र, सब्सिडियरी कैन्टीन, मास्टर कैंटीन, परिवहन शाखा, आटा चक्की, राशनशाघ्प, सब्जी दुकान, जलपानगृह, भवन निर्माण स्थल आदि का भ्रमण व निरीक्षण किया।जहाँ पर सबकुछ ठीक ठाक मारने पर उन्होने वाहिनी में किए गए समस्त कार्यों की सराहना किया।वही इसी कड़ी में वाहिनी के जवानों का सैनिक सम्मेलन किया गया।इस मौके पर अपर



पुलिस महानिदेशक पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज अपने संबोधन के दौरान जवानों को अनुशासित रहने, उत्कृष्ट आचरण प्रस्तुत करने, एवं स्वस्थ रहने के बारे में अवगत कराया।वही उनकी व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक कठिनाइयों का समुचित निस्तारण व अनुश्रवण किया गया।जिसमें 34वीं वाहिनी पीएसी के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।अंत में डॉ. राजीव नारायण मिश्र, सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी ने उनको धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

# 10 सदस्यीय डॉक्टरों तथा तकनीकी विशेषज्ञों की टीम द्वारा 182 हृदय तथा श्वास रोगियों का किया गया परीक्षण –आकांक्षा राना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से जनपद हरदोई में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्क हृदय रोग एवं सांस रोग परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आज गांधी भवन परिसर में प्रारम्भ हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सुश्री आकांक्षा राना द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आजादी के अमृत महोत्सव के नोडल अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट डॉ सदानंद गुप्ता उपस्थित रहे। शिविर के पहले दिन मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम से आई 10 सदस्यीय डॉक्टरों तथा तकनीकी विशेषज्ञों की टीम द्वारा 182 हृदय तथा श्वास रोगियों का परीक्षण किया गया। वही रोगियों का वजन ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर तथा ईसीजी की जांच भी निशुल्क की गई और उन्हें उपचार के लिए उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। मेदांता हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों तथा टीम के अन्य सदस्यो का मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा परिचय प्राप्त कर स्वागत किया गया। वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अतुल कांत द्विवेदी जी द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों का परिचय कराया गया। वरिष्ठ ट्रस्ट्री अरुणेश बाजपेई ने बताया कि मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से ट्रस्ट का यह



चौथा निशुल्क चिकित्सा शिविर है। ट्रस्ट्री करुणा शंकर ने शिविर की तैयारियों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई वही सरिता अग्रवाल एवं आलोक श्रीवास्तव ने पंजीकरण का काउंटर संभाला अविनाश गुप्ता ,मनीष मिश्रा,संजय अग्रवाल अशोक श्रीवास्तव अनुराग मिश्रा जेपी श्रीवास्तव तथा एस एस नर्सिंग इंस्टीट्यूट की नर्सिंग छात्राओं का शिविर संचालन में विशेष सहयोग रहा। मेदांता हॉस्पिटल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ केशव खेरा तथा स्वास रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्शदीप कौर ने ट्रस्ट द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की । शिविर में रोगियों के परीक्षण एवं परामर्श का कार्य शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

# अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय द्वारा जेसीज चौराहे से ओलन्दगंज मार्ग तक हटवाया गया अतिक्रमण

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय द्वारा जेसीज चौराहे से ओलन्दगंज मार्ग तक नगर पालिका परिषद जौनपुर के द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया। इस अतिक्रमण को हटाने व पूर्व की स्थिति बहाल कराने में नगर पालिका परिषद जौनपुर द्वारा 5,69,186.00 खर्च किया गया है। उक्त धनराशि को कब्जे व कब्जे की प्रकृति के अनुसार संबंधित व्यक्तियों से वसूलने हेतु नोटिस निर्गत की गई है। उन्होंने समस्त व्यापारियों से अनुरोध किया है कि अपनी अपनी समस्त धनराशि नगर पालिका परिषद जौनपुर में तत्काल जमा करा दें अन्यथा धनराशि की वसूली संबंधित व्यक्ति से भू–राजस्व की भांति की जाएगी। उमरपुर हरिबंधनपुर मोहल्ले के महेंद्र प्रसाद जायसवाल पुत्र स्वर्गीय बनारसी पर जुर्माना धनराशि 4670, संजय कुमार पुत्र छोटेलाल का जुर्माना 4670, शिवशंकर साहनी पुत्र राजनाथ पर 18450, लकी यादव ओमवेद पुत्र स्वर्गीय पारसनाथ यादव पर 9893, हुसैनाबाद मोहल्ले के निवासी कालिका पुत्र रामलखन कालिका होटल पर 2668, धर्मनरायण को 4846, लालजी मौर्य पर 5146, पाठक होंडा पर 50665, वृंदावन पाठक पर 21727, नितेश मौर्या पुत्र जवाहरलाल पर 11915, रामशीला 6964, मुन्नालाल सिंह पर 13231, सुनील सेठ पर 17642, यूनिक बाजार पर 42603, मनीष तिवारी पुत्र सूयीना तिवारी पर 24032, संजय सिंह पर 8688, संदीप पंकज मौर्य पर 8680, यूनियन बैंक ऑफ आनंद त्रिपाठी पर 54196, श्रीराम यादव पुत्र बालदत्त 4530, श्रीमती रीता सिंह, अमृता सिंह 22530, उमरपुर हरिबन्धनपुर के श्रीराम यादव पुत्र बालदत्ता पर 5325, श्री राम यादव पुत्र बालदत्ता 5086, लालजी मौर्य पर 2249, रामराज सिंह पुत्र रामदवन 7988, धर्मराज सिंह पर 7509, छोटेलाल मौर्य पर 2100, अग्रवाल ज्वेलर्स पर 6390, रमेश बर्नवाल 5682, लीलावती पत्नी छोटेलाल 11798, गोपाल कृष्ण पुत्र स्वर्गीय कुंजलाल 13268, श्रामअजोर 3946, अशोक श्रीवास्तव पुत्र रामजीलाल पर 36663, शशि कपूर पुत्र कमला प्रसाद पर 22706, अशोक कुमार पुत्र कमला प्रसाद पर 22706, श्रीमती सविता रानी पत्नी स्वर्गीय सुनील चंद्र श्रीवास्तव 20569, श्रीमती सविता रानी पत्नी स्व0 सुनील चंद्र श्रीवास्तव 12314, श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्वर्गीय हरिवंश लाल 2100, सियाराम पुत्र पन्नालाल 17697, राजेश राज गुप्ता 9012, सर्वजीत श्रीवास्तव पुत्र सुरेंद्र श्रीवास्तव 4326, छोटेलाल मौर्य 2100, श्रीराम यादव पुत्र बालदत्त पर 5325, श्रीराम यादव पुत्र बालदत्त पर 4530 का धनराशि की वसूली की जाएगी।

# शासन के निर्देश के बाद हरकत में आया प्रशासन : मंदिरों–मस्जिदों से उतरवाया गया लाउडस्पीकर

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) उत्तर प्रदेश शासन की ओर से धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर को लेकर इस समय जिला प्रशासन भी एक्शन में आ गया है।जिला प्रशासन ने इसे अभियान के रूप में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।इसी के चलते जिले के बीकापुर तहसील क्षेत्र में मंदिर और मस्जिदों से बिना अनुमति के लगे लाउडस्पीकर उतरवाए गए। इस संबंध में जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी दशा में शासन की ओर से जारी आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि इसके लिए सभी थाना प्रभारियों के साथ एसडीएम और क्षेत्राधिकारियों को भी मानीटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर क्षेत्र में इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट को जिम्मेदार बनाया गया है। धार्मिक स्थलों की तहसीलवार चिन्हित कर सूची बना तीस अप्रैल तक शासन के आदेश का पालन कराने के लिए कहा गया है।इसके बाद यदि किसी भी क्षेत्र में किसी भी धार्मिक स्थल पर बिना अनुमति के लाउडस्पीकर पाया गया तो संबधित के विरूद्घ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से भी इसे लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते थाना प्रभारियों ने अपने–अपने क्षेत्र में चेकिंग शुरू कर दी है।इसी क्रम में मंगलवार दोपहर बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने बीकापुर क्षेत्र में मंदिर और मस्जिद से लाउडस्पीकर उतरवाने का अभियान शुरू किया है।मिली जानकारी के अनुसार चौरे बाजार स्थित मस्जिद और मंदिर, बीकापुर कस्बा में हनुमान मंदिर,शंकर पार्वती मंदिर के साथ कई मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए हैं। इतना ही नहीं तहसील परिसर में बने हनुमान मंदिर का माइक भी उतरवाया गया।इस अभियान में एसडीएम बीकापुर संदीप श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी सहित कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

# दो अलग–अलग स्थानों पर युवक व युवती ने की आत्महत्या

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : दो अलग–अलग स्थानों पर युवक व युवती ने की आत्महत्या।युवक व युवती ने लगाया फंदा।बल्दीराय थाना क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर युवक और युवती ने आज सुबह आत्महत्या कर ली। युवती ने घर के अंदर फंदा लगा कर आत्महत्या की।तो युवक ने गांव के बाहर पेड़ में रस्सी लगा कर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली गांव में आज सुबह के समय (30) वर्ष की आशा निषाद पुत्री सत्य नारायण निषाद ने घर के अंदर से कमरे में फांसी लगा कर मायके में आत्महत्या कर ली।आत्महत्या करने से पहले आशा निषाद ने अपने पति उदयभान निषाद निवासी हलियापुर को फोन करके बताया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है।पति ने मना किया लेकिन वह नही मानी।इसकी सूचना उदयभान ने फोन करके जब अपने ससुराल वालों को बताया तो जब परिजन कमरे में पहुचे तो देखा कि अंदर लगे पंखे के हुक में रस्सी से लटकता शव देख परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना पर बल्दीराय तहसीलदार धान श्याम भारतीय,थानाध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी व पारा चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार यादव मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी थाना क्षेत्र के मेदई शुक्ल का पुरवा, मजरे विसावां गांव निवासी विन्देश्वरी प्रेम उम्र (24) वर्ष पुत्र बृज लाल का गांव के बाहर पेड़ में रस्सी से लटकता शव देख कर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक की पत्नी मायके चली गयी है।इसलिए वह डिप्रेशन में रहता था।

# अवैध सम्बंध के शक में हुए मर्डर केस मे दोषी को आजीवन कारावास : कोर्ट ने ठोंका दस हजार का अर्थदंड

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : अवैध संबंध के शक में 11 वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम की अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया है। जिसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए जज पीके जयंत ने उसे आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तुलापुर भैरोपुर गांव से जुड़ा है। जहां के रहने वाले अभियोगी रामअवध यादव ने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक तुलापुर गांव का ही रहने वाला उसके मौसी का लड़का सन्त कुमार यादव 21 अप्रैल 2011 को दिन में साइकिल से महुआ बेचने के लिए अमेठी गया था, जहां से वह देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। काफी खोजबीन के बाद उसका शव घऊघाट के पास पीढीपुर पावर हाउस रोड पर पाया गया। सन्त कुमार के सिर पर धारदार हथियार से गहरी चोट पहुँचाई गई थी,घटना स्थल पर काफी खून भी पड़ा मिला और सन्त कुमार की साइकिल भी पास में पड़ी मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे रामअवध ने सन्त कुमार के शव की शिनाख्त की और मामले में अज्ञात के विरुद्ध हत्या की एफआईआर दर्ज कराई। तफ्तीश के दौरान पता चला कि समरजीत उर्फ राजू को अपनी पत्नी और सन्त कुमार यादव के बीच अवैध सम्बंध का शक था,जिसकी वजह से उसे योजनाबद्ध तरीके से धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में तफ्तीश के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर समरजीत उर्फ राजू के खिलाफ आरोप–पत्र कोर्ट में दाखिल हुआ। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में चला। इस दौरान अभियोजन पक्ष से शासकीय अधिवक्ता संदीप कुमार सिंह ने छह गवाहों को परीक्षित कराया और घटना को साबित करने में सफल रहे। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपने साक्ष्यों एवं तर्कों को प्रस्तुत कर समरजीत को बेकसूर बताने पर भरपूर प्रयास किया। उभय पक्षो को सुनने के पश्चात सत्र न्यायाधीश पीके जयंत ने समरजीत उर्फ राजू को हत्या के अपराध में दोषी करार दिया। जिसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए आज बुधवार को अदालत ने आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# सरकारी राशन कालाबाजारी : प्रशासनिक छापे में खुल रही खाद्य गोदाम में धांधली की पोल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की तरफ से माह में दो बार गरीबी रेखा और इससे नीचे के परिवारों को राशन दिए जाने की व्यवस्था में अनाज माफिया घुसपैठ कर चुके हैं। खाद्य विभाग की गोदामों में हो रहे अवैध कारनामों की पोल प्रशासनिक छापे से खुलने लगी है। जिला खाद्य एवं विपणन विभाग की दुबेपुर ब्लॉक गोदाम पर राशन की जांच करने पहुंचे उपजिलाधिकारी सदर सीपी पाठक को देख कोटेदार और ट्रैक्टर चालक भाग रहे हैं। ट्रैक्टर पर लोड राशन की जांच के दौरान अफरातफरी की स्थिति देखी जा रही है। दूसरे स्तर के पर्यवेक्षण अधिकारी नदारद है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की तरफ से माह में दो बार दिए जा रहे राशन व्यवस्था में घट तौली की पोल खुलती जा रही है। विभागीय सूत्र कहते हैं कि अनाज माफियाओं की सक्रियता से ब्लॉक गोदामों से बड़े पैमाने पर सरकारी राशन का काला कारोबार चल रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का गेहूं और सरकारी गेहूं खरीद को मिलाकर बड़े पैमाने पर गोलमाल किया जा रहा है। 'जिलाधिकारी रवीश गुप्ता कहते हैं कि पूरे मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अनाज माफिया की संलिप्तता पर मार्केटिंग इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लैंगिक समानता पर आधारित माई वर्थ कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था व एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से लैंगिक समानता पर आधारित माई वर्थ कार्यक्रम लखनऊ जनपद के 14 उच्च प्राथमिक विद्यालय व 6 राजकीय विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। माई वर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत चाइल्ड लाइन के द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों को जेंडर पॉलिसी व बाल अधिकार को सुचारु रुप से लागू कर विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कराना तथा चाइल्डलाइन टीम की ओर से बच्चों को पॉक्सो एक्ट की विस्तृत जानकारी दी गई और साथ ही साथ के सरकार द्वारा जारी की गई आवश्यक हेल्पलाइन नंबर बच्चों को बताए गए। इसके ही साथ बच्चों को लिंग भेदभाव पर चाइल्डलाइन टीम की ओर से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और चाइल्ड लाइन किस तरह कार्य करता है क्या–क्या सहायता प्रदान करता है। इसके बारे में भी बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस सत्र के पश्चात विद्यार्थियों का बाल अधिकार के प्रति जो भ्रम था वह दूर हुआ और सही व पूर्ण जानकारी मिली कि बाल अधिकार मुख्य रूप से चार होती है। यह




कार्यक्रम 7 पूर्व माध्यमिक विद्यालय (पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरा, मलहौर, मटियारी, अमराई गांव, चिनहट कन्या, लाजपत नगर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा पलटन छावनी)के 1353 बच्चों के साथ कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान माई वर्थ कार्यक्रम के पियर लीडर, चाइल्डलाइन टीम(कृष्णा शर्मा, नवीन कुमार, ललित कुमार, पारूल यादव, राजेश कुमार) के अतिरिक्त विद्यालय प्रधानाचार्य(उपमा देवी, गीता सिंह, सुमन सिंह, पूनम श्रीवास्तव, वंदना गुप्ता, सुप्रिया श्रीवास्तव, रेखा सिंह, वंदना सिंह, सुमन कनौजिया,) तथा माई वर्थ टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव कमरे से बरामद

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के मवई थाना क्षेत्र के ग्राम बैसन पुरवा मजरे कसारी गांव में एक घर से संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का सड़ा शव बरामद हुआ।प्रथम दृष्टया युवक की मौत कई दिन पहले ही हो गई थी।घर से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की सूचना दी।सूत्र के मुताबिक ग्राम बैसन पुरवा निवासी राम बरन(40)पुत्र साहब लाल घर पर अकेला ही रहता था।पता चला है कि मृतक की पत्नी लगभग छह माह पूर्व उसे छोड़कर कर चली गई थी।मृतक के बच्चे भी नही थे।ग्रामीणों के मुताबिक कई दिनों से मृतक के घर का दरवाजा अंदर से बन्द था।मंगलवार की सुबह जब घर से तेज दुर्गंध उठने लगी तो संदेह के आधार पर ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कमरे की छत पर छाए टिन शेड को हटवाकर दरवाजा खुलवाया।दरवाजा खुलने के बाद कमरे से युवक का सड़ा हुआ शव बरामद हुआ।मृतक के घर का कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद न होने के कारण ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।इसके बाद आनन–फानन में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।संदिग्ध हालातों में हुई युवक की मौत को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है।वही इस संबंध में सैदपुर चौकी प्रभारी प्रदीप यादव ने बताया कि युवक की स्वाभाविक मौत हुई है।उन्होंने बताया की वह बीमार चल रहा था।

# अघोषित बिजली कटौती से किसान वर्ग सहित आम जन मानस परेशान

अयोध्या।(डा. आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)इस समय अप्रैल माह में ही अघोषित बिजली कटौती शुरू हो गई है।जबकि अभी से ही मई–जून से पहले ही कहर बरपा रही गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं।इस समय भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित था ही कि ऊपर से बिजली विभाग ने भी ढुलमुल रवैया अपनाते हुए कटौती शुरू कर दी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की ओर से निर्धारित शेड्यूल को दरकिनार कर कटौती की जा रही है। यह हाल तब है जब शहर में बिजली का लोड दोगुना बढ़ा है।वही इस समय प्रचंड गर्मी के साथ ही जिले में बिजली कटौती से भी हाहाकार मचा हुआ है। नगर क्षेत्र के सब स्टेशनों पर लगभग सभी फीडरों पर लोड बढ़ा है। मध्यांचल विधुत वितरण निगम के मुताबिक गर्मी से पूर्व नगरीय क्षेत्र में प्रतिदिन 23 मिलियन यूनिट लोड दर्ज किया जाता था, जो अब बढ़कर 35 मिलियन प्रतिदिन हो गया है।इस संबंध में विधुत निगम के अधिशासी अभियन्ता मनोज कुमार ने बताया कि लोगों से जरूरत के मुताबिक ही बिजली उपभोग की अपील की जा रही है।उन्होंने बताया कि लोड चेकिंग के लिए अभियान भी चलाया जाएगा।इस समय सबसे बुरे हालत ग्रामीण क्षेत्रों के हैं।जिले के सोहावल, बीकापुर और मिल्कीपुर तहसीलों के ग्रामीण क्षेत्रों में दो से ढाई घंटे बिजली कटौती बढ़ गई है।इसके अलावा जर्जर तारों और खराब उपकरणों के कारण भी आपात कटौती लोगों के लिए संकट बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उप केंद्रों के फीडरों की स्थिति भी बेहद जर्जर है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय उप केंद्रों पर शिकायत के बाद कोई सुनवाई नहीं होती है।वही बिजली कटौती से किसान ही नहीं बल्कि व्यापारी वर्ग भी काफी परेशान है।

# स्कूल चलो महा अभियान का नामांकन विकास खण्ड मडियाहूँ में किया गया

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज दिनांक 28 अप्रैल को कंपोजिट विद्यालय बीरबलपुर के अंतर्गत आने वाले रामसिंह ईट भट्ठा उद्योग देवापार पर खंड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं श्री मनोज कुमार यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अतुल प्रकाश यादव एवं रवि



चंद्र यादव जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में नामांकन मेला कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री मनोज कुमार यादव ने पूरे टीम के साथ ईट भट्ठे पर पहुँच कर स्वयं अपने हाथ से अजय वनवासी,विकास वनवासी,गोविंदा वनवासी,रीमा वनवासी आदि15 वनवासी छात्रों का नामांकन कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक बीरबलपुर में कराया गया इसके बाद पूरे टीम के साथ प्राथमिक विद्यालय सुंगुलपुर पहुँच कर वहा 7 बच्चों का नया नामांकन कराये। खण्ड शिक्षा अधिकारी मडियाहूँ ने कहा की ईट भट्ठे से लेकर गाँव तक 6से14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रह जाए इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष अच्छेलाल यादव ,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राय साहब यादव , महामंत्री पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ श्री शिव कुमार सरोज ,सेवा लाल पटेल प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय सुंगुलपुर,कमलेश चन्द यादव प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय केडवारी ,श्याम नारायण, रविंद्र नाथ यादव ,शैलेंद्र कुमार दिवाकर आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के संयोजक श्री राय साहब यादव एवं संचालन पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आनंद यादव ने किया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।